श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ
(मानित विश्वविद्यालय)
बी-4,कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

क्रमांक:ला.ब.शा / रा.भा. / 2019-2020 /

दिनांक :13.01.2020

# कार्यालय आदेश

सक्षम अधिकारी की स्वीकृति एवं हिन्दी राजभाषा कार्यान्वयन समिति की संस्तुति तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय, राजभाषा प्रभाग द्वारा जुलाई 2019 से सितम्बर-2019 की तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करने के उपरान्त निम्नलिखित बिन्दुओं पर कार्यवाही करने एवं की गई कार्यवाही की सूचना मंत्रालय को भी भेजना सुनिश्चित किया जाए।

1. मानव संसाधन विकास मंत्रालय एवं गृह मंत्रालय के आदेशों के अनुपालन हेतु सेवा पुस्तिकाओं में एवं समस्त पंजिकाओं पर हिन्दी में अधिक से अधिक टिप्पणियां लिखने का प्रयास किया जाये।

2. राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले सभी कागजात जैसे :- संकल्प, सामान्य आदेश, नियम, अधिसूचनाएं, प्रशासनिक तथा अन्य प्रतिवेदन,प्रेस विज्ञप्तियाँ, संसद के किसी सदन अथवा दोनों सदनों के समक्ष प्रस्तुत किए जाने वाले प्रशासनिक तथा अन्य प्रतिवेदन और सरकारी क़ागजात संविदा, करार, अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) अनुज्ञा-पत्र (परमिट) निविदा सूचनाएं, निविदा फार्म आदि अनिवार्यरुप से **हिन्दी तथा अंग्रेजी** अर्थात द्विभाषी रूप में जारी किया जाए।

3. ''क'' क्षेत्र स्थित राज्य में पत्राचार हिन्दी में किया जाये। ''क'' क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राज्य इस प्रकार हैं :- उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, छत्तीसगढ़ झारखण्ड, अण्डमान निकोबार, तथा संघ शासित क्षेत्र दिल्ली प्रदेश।

4. अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों का उत्तर अनिवार्यतः हिन्दी में दिया जाए ।

अतः विद्यापीठ के समस्त सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया जाता है कि पत्र पर दर्शाए गए बिन्दुओं पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। दर्शाए गए बिन्दुओं पर अनुपालन का दायित्व अनुभाग के समस्त अधिकारियों का होगा।

भारती त्रिपाठी
सहायक कुलसचिव (प्रशा0)

प्रतिलिपि सूचनार्थः-

1. समस्त संकाय प्रमुख, एवं विभागाध्यक्ष
2. समस्त उपकुलसचिव / सहायक कुलसचिव / अनुभाग अधिकारी
3. संगणक विभाग सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर को इस आशय से प्रेषित कि वे उक्त सूचना को विद्यापीठ की वेबसाइट पर अंकित करें।
4. कार्यपालक अभियंता / सहायक अभियंता / कनिष्ठ अभियता
5. विकास विभाग / महिला अध्ययन केन्द्र / प्रकाशन विभाग / पुस्तकालयाध्यक्ष / परीक्षा विभाग कुलपति / कुलसचिव के निजी सचिव

भारती त्रिपाठी
सहायक कुलसचिव (प्रशा0)